**Q.P. Code:00003427**

**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**(कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं ।)**

**सूचना : (१) सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**(२) उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२४)**

**(क)** "कविता तुम्हारे सूने दिलों में संगीत भरती है, स्त्री भी तुम्हारे ऊबे हुए मन को बहलाती है | पुरुष जब जीवन की सूखी चट्टानों पर चढ़ता चढ़ता थक जाता है तब सोचता है चलो थोड़ा मन बहलाव ही कर लें |"

**अथवा**

"आचरण की सभ्यता का देश निराला है | उसमें न शारीरिक झगड़े है, न मानसिक, न आध्यात्मिक, न उसमें विद्रोह है, न जंग ही का नामोनिशान है और न वहां कोई ऊँचा है न नीचा |"

**(ख)** "मनुष्य की अंतरात्मा केवल उसी बात को अनुचित समझती है, जिसको समाज अनुचित समझती है | इसलिए यह निश्चय पूर्वक कहा जा सकता है कि अंतरात्मा समाज द्वारा निर्मित है | मनुष्य के हृदय में समाज के नियमों के प्रति अंधविश्वास और पूर्ण श्रद्धा को ही अंतरात्मा कहते है | समाज के पृथक उसका कोई अस्तित्व नहीं है |"

**अथवा**

"संसार में पाप कुछ भी नहीं है, यह केवल मनुष्य के दृष्टिकोण का दूसरा नाम है |"

**प्रश्न २. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नो के उत्तर लिखिए |** **(३०)**

**(च)** 'चीनी फेरीवाला' रेखाचित्र का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'जीप पर सवार इल्लियाँ' नामक व्यंग्य का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

**(छ)** 'मनुष्य परीस्तिथियों का दास होता है' चित्रलेखा उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

चित्रलेखा का चरित्र चित्रण कीजिए |

**प्रश्न ३. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१५)**

**(प)** 'अस्थियों के अक्षर' संस्मरण का सारांश अपने शब्दों में लिखिए |

**अथवा**

चित्रलेखा के चित्त की अस्थिरता बीजगुप्त और चित्रलेखा दोनों के जीवन को किस प्रकार प्रभावित करती है |



X0279YEFB088X0279YEFB088X0279YEFB088X0279YEFB088

**Q.P. Code:00003427**

**(फ) प्रश्न ४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए | (१६)**

‘तूफान के विजेता’ रिपोर्ताज में अकाल का वर्णन |

**अथवा**

‘नया देश, नयी जमीन, नये क्षितिज, नये आसमान’ आत्मकथ्य में भारतीय और विदेशी संस्कृति |

**(ब)** बीजगुप्त का त्याग |

**अथवा**

योगी कुमारगिरि का चरित्र |

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए | (१५)**

१. लेखिका ने भाई शब्द का प्रयोग किसके लिए किया?
२. अखबारों में किन बातों को लेकर शोर हो रहा था?
३. भोर का तारा एकांकी के लेखक कौन है?
४. ‘तूफान के विजेता’ रिपोर्ताज में कौन से गाँव का वर्णन है?
५. १० पैसे का सिक्का कौन निगल गया?
६. आचरण की सभ्यतामयी भाषा सदैव कैसी रहती है?
७. अस्थियों के अक्षर संस्मरण में लेखक के सौतेले भाई का क्या नाम है?
८. किस संस्थान ने अकाल में मदद की?
९. कुमार योगी कौन है?
१०. श्वेतांक किससे विवाह करना चाहता है?
११. चित्रलेखा कहाँ और किससे दीक्षित होने गई?
१२. चित्रलेखा किस उम्र में विधवा हो गई थी?
१३. योगी कुमारगिरि किससे प्रेम करने लगे?
१४. मृत्युंजय अपनी सम्पत्ति किसे देने वाले थे?
१५. उपन्यास के अंत में चित्रलेखा किसे प्राप्त होती है?

**********



X0279YEFB088X0279YEFB088X0279YEFB088X0279YEFB088